आकाशवाणी श्री विजयपुरम

07.01.2025 समय : 1850

- गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ किया।
- केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा है कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस – एच एम पी वी से जनता के लिए चिंता का कोई कारण नहीं है।
- नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग ने छूटे हुए राशन कार्ड लाभार्थियों के लिए ई–के वाई सी की अंतिम तिथि को बढ़ाकर इक्कतीस जनवरी कर दी है।
- राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से बिना किराया मीटर लगाए ऑटों रिक्शा चलाने वाले चालकों के लिए चेतावनी जारी की गई है।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से प्लास्टिक प्रदूषण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ किया। भारतपोल पोर्टल का उद्देश्य इंटरपोल के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों पर कार्रवाई को सुव्यवस्थित करना है, जिसमें रेड नोटिस और अन्य इंटरपोल नोटिस जारी करना शामिल है। गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि भारतपोल अंतर्राष्ट्रीय जांच को नए युग में ले जाएगा। श्री शाह ने कहा कि इससे आतंकवाद से संबंधित अपराधों और मादक पदार्थों, हथियारों तथा मानव तस्करी से संबंधित मामलों से निपटने में सहायता मिलेगी।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा है कि ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस – एच एम पी वी से जनता के लिए चिंता का कोई कारण नहीं है। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ एक वर्चुअल बैठक के दौरान, स्वास्थ्य सचिव ने यह बात कही। स्वास्थ्य सचिव ने भारत में श्वसन संबंधी बीमारियों की वर्तमान स्थिति और उनके प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के साथ–साथ एचएमपीवी मामलों की स्थिति की समीक्षा की। सचिव ने राज्यों को इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण की निगरानी को मजबूत करने की सलाह दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि देश श्वसन संबंधी बीमारी के मामलों में किसी भी संभावित वृद्धि के लिए अच्छी तरह से तैयार है। राज्यों को सूचना, शिक्षा और संचार के साथ–साथ वायरस के फैलाव की रोकथाम के संबंध में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने की सलाह भी दी गई।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग ने छूटे हुए राशन कार्ड लाभार्थियों के लिए ई–के वाई सी की अंतिम तिथि को बढ़ाकर इक्कतीस जनवरी कर दी है। गरीबी रेखा से ऊपर अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के बचे हुए राशन कार्ड लाभार्थी आधार नम्बर के साथ नागरिक आपूर्ति विभाग के कमरा नम्बर बीस या अपने–अपने आपूर्ति विभाग के इकाईयों से संपर्क कर ई–के वाई सी करा सकते हैं। ऐसे सभी बचे हुए लाभार्थियों की सूची संबंधित उचित मूल्य की दुकानों मे भी जानकारी के लिए उपलब्ध कराया गया है। ऐसा न करने पर ऐसे राशन कार्ड धारकों को फर्जी माना जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच, अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले समूह के एक से सत्रह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का पांच वर्ष की आयु होने से पहले ही आधार बनाया गया था। इस कारण इनका ई– के वाई सी पूर्ण नहीं हो पा रहा है। ऐसे सभी लाभार्थियों से भी अपने नजदीकी केन्द्रों में जाकर आधार को तर्कसंगत बनाने को कहा गया है। ऐसे लाभार्थी एक से सत्रह वर्ष आयु वर्ग तक के बच्चों के आधार में सुधार के लिए नागरिक आपूर्ति विभाग से भी संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से बिना किराया मीटर लगाए ऑटों रिक्शा चलाने वाले चालकों के लिए चेतावनी जारी की गई है। आम जनता से चालकों द्वारा अत्यधिक किराया वसूले जाने से संबंधित प्राप्त शिकायत के बाद विभाग ने ऑटोरिक्शा मोटर वाहन अधिनियम उन्नीस सौ अट्ठासी की धारा चौहत्तर और धारा छियानबे के अनुसार ऑटोरिक्शा और टैक्सी वालों को इस मामले में किराया मीटर लगाने और उसे उचित कार्य स्थिति में बनाए रखने के लिए कहा है। ऑटोरिक्शा परमिट धारकों को ऐसी गतिविधियों से दूर रहने को कहा गया है। उल्लंघन करने पर ऑटों चालकों के परमिट रद्द भी किए जा सकते हैं। परमिट शर्तों पर सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रवर्तन अभियान चलाए जाएंगे। राज्य परिवहन प्राधिकरण ने उपराज्यपाल की स्वीकृति के बाद द्वीपसमूह के लिए लागू ऑटोरिक्शा किराए में संशोधन किया है तथा ऑटो–रिक्शा परमिट धारक और चालकों को अपने किराया मीटर को नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय के मापतौल संभाग से अधिसूचित किराया मीटर और स्टैम्प लगवाने को कहा है। ऑटोरिक्शा मालिकों को राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा जारी किराया चार्ट को अपने ऑटोरिक्शा में प्रदर्शित करना होगा। किराया मीटर के अनुसार ही वसूले जाने चाहिए। निर्धारित ऑटो किराए से अधिक शुल्क लेना, यात्रियों के अनुरोध के अनुसार ऑटोरिक्शा चलाने से इंकार करना तथा यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार को गंभीरता से लिया जाएगा। आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे ऑटोरिक्शा चलाने से मना करने, यात्रा शुरू होने से पहले किराया मीटर न लगाने तथा अत्यधिक शुल्क लेने आदि के संबंध में अपनी शिकायतें परिवहन सचिव, को ऑटोरिक्शा की पंजीकरण संख्या तथा शिकायत के विवरण के साथ भेजें और दिए गए नम्बरों पर अपनी शिकायतें दर्ज कराएं।

<><><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से मंगलूटान स्कूल में हाल ही में प्लास्टिक प्रदूषण पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. जतिन्दर सोहल के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, एकल उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और सतत विकास लक्ष्यों पर चर्चा की गई। विधि अधिकारी आर स्वाति लक्ष्मी ने प्लास्टिक प्रदूषण पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से प्रदूषण के स्रोतों, कारणों और उपायों के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को अपने कचरे को अलग करने और इसके उचित निपटान के लिए प्रोत्साहित किया। अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण केन्द्र की कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता ने प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से विद्यार्थियों को कपड़े के थैले पोस्टर वितरित किए गए।

<><><><><><><>

पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विशाल जॉली, अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के अध्यक्ष एम विनोद, विद्युत श्रमिक संघ के राज्य अध्यक्ष एन. पेद्दा राजू तथा महासचिव एम हेमंत राव और वनवासी कल्याण आश्रम ने सासंद बिष्णु पद रे की पत्नी और राउंड बस्ती निवासी रूपा रे के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज तड़के निधन हो गया।

<><><><><><><>

आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र से कल लाईव फोन–इन कार्यक्रम हैलो डॉक्टर प्रसारित किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय रहेगा–सर्वाइकल कैंसर–कारण, लक्षण और उपचार। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. हर्षजोत वाधवा श्रोताओं से संवाद करेंगे। श्रोता फोन संख्या दो तीन दो पांच पांच आठ और दो तीन दो तीन तीन छः पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं। कार्यक्रम कल शाम साढ़े छः बजे से सुना जा सकता है।

<><><><><><><>

गुजरात में चल रहे चौहत्तरवें राष्ट्रीय बास्केट बॉल चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह की पुरूष बास्केट बॉल टीम भी भाग ले रही है। यह चैम्पियनशिप बारह जनवरी तक चलेगी।

उधर, द्वीपों की तीरंदाजी टीम जयपुर में आयोजित इकतालीसवीं एन टी पी सी सब–जुनियर तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भाग ले रही है। दस जनवरी तक चलने वाले इस चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह की टीम कल और नौ जनवरी को तीरंदाजी प्रतिस्पर्धा में भाग लेगी।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम से आज कैम्पबेल बे के लिए रवाना हुआ पवन हंस हेलीकॉप्टर मौसम में खराबी के कारण कार निकोबार से ही वापस लौट गया।

<><><><><><><>